भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **1805**
दिनांक 28 नवम्बर , 2019 / 7 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

केबीआर विमानपत्तन, लेह से रात्रि उड़ान

1805. श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास कुशाक बाकुला रिम्पोची (केबीआर) विमानपत्तन, लेह में रात के समय नागर विमानों की उड़ान शुरू करने का कोई प्रस्ताव है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): लेह का केबीआर हवाईअड्डा एक सैन्य हवाईअड्डा है, जहां भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) एक सिविल एंक्लेव का अनुरक्षण करता है। यातायात की माँग और वाणिज्यिक व्यावहार्यता के आधार पर किसी विशिष्ट स्थान को हवाई सेवाएँ प्रदान करना एयरलाइन प्रचालक पर निर्भर करता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को किसी भी अनुसूचित एयरलाइन प्रचालक से केबीआर हवाईअड्डा, लेह में रात के दौरान नागरिक विमानों का प्रचालन करने का प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****